मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक/बी–5/2/ई–अनुज्ञा/2018–19/1002 भोपाल दिनांक 04 दिसम्बर 2018

प्रति,

संयुक्त संचालक/उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/सागर/जबलपुर/रीवा (म0प्र0)

विषयः–अंचल कर्मियों के लिये ''ई–अनुज्ञा ऑनलाईन'' प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 06.12.2018।
संदर्भः–प्रबंध संचालक महोदय का अर्द्ध शा. पत्र क्रमांक/बी–5/2/ई–अनुज्ञा/2018–19/999 दिनांक 30 नवम्बर 2018।

–0–

प्रदेश की कृषि उपज मण्डी समितियों में दिनांक 01 जनवरी 2019 से ई–अनुज्ञा ऑनलाईन प्रणाली को शत–प्रतिशत लागू करने का निर्णय लिया गया है, इस प्रणाली को मण्डी स्तर पर लागू करने के पूर्व इस कार्य में लगे अंचल कर्मियों, मण्डी कर्मियों एवं मण्डी के अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों को साफ्टवेयर में अपनाई गई प्रकिया को व्यवहारिक रुप से समझना, जानना एवं प्रणाली से user friendly होना अति–आवश्यक है।

इस हेतु प्रति अंचल कार्यालय 04 कर्मचारियों के मान से 07 आंचलिक कार्यालयों के कुल 28 कर्मियों के लिये दिनांक 06 दिसम्बर 2018 को मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल में प्रातः 10.30 से सांय 05.30 बजे तक ''ई–अनुज्ञा ऑनलाईन प्रणाली'' पर कार्य संचालन का एवं मॉस्टर ट्रेनर (मण्डी स्तर पर प्रशिक्षण देने के लिये एवं ई–अनुज्ञा कार्य में कठिनाईयों के त्वरित निराकरण में अपनी भूमिका अदा करेगें) के रुप में कार्य करने का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित किया गया है। जिसमें मण्डी बोर्ड एवं एन0आई0सी0 की राज्य इकाई भोपाल के नामांकित अधिकारी व साफ्टवेयर डेव्हलपमेंट टीम के सदस्य विशेष रुप से कार्य का प्रशिक्षण देने के लिये उपस्थित रहेगें।

अतः इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रति अंचल कार्यालय से कुल 04 कर्मचारियों को नामांकित (पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त अंचल के 02 मॉस्टर ट्रेनर को अवश्यक शामिल किया जाये) कर उनके नाम, पदनाम, मोबाईल नंबर की सूचना तत्काल भिजवायें एवं दिनांक 06 दिसम्बर 2018 को प्रातः 10.30 बजे के पूर्व उनकी उपस्थिति मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल में अनिवार्य रुप से सुनिश्चित कराई जावे।

उपरोक्त प्रशिक्षण उपरांत संयुक्त संचालक/उप संचालक, आंचलिक कार्यालयों के द्वारा अपने अंचल के प्रशिक्षण प्राप्त 04 मॉस्टर ट्रेनरों की मदद से दिनांक 10 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2018 के मध्य अंचल की समस्त मण्डी समितियों में मण्डी कर्मियों के साथ साथ मण्डी के अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों के लिये ''ई–अनुज्ञा ऑनलाईन प्रणाली'' पर कार्य करने का प्रशिक्षण कार्यक्रम अनिवार्य रुप से आयोजित कर पूर्ण कराया जावेगा। इस कार्य में अंचल के मण्डी सचिवों

Sandeep

को लगाया जाये कि वे अपनी मण्डी के अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों से आवश्यक चर्चा एवं समन्वय कर उन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रम में आमंत्रित करे उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करायेंगे। यह कार्यवाही निर्धारित समय सीमा में पूर्ण की जावे ताकि दिनांक 01 जनवरी 2019 से प्रदेश की समस्त 257 मण्डी समितियों में एक साथ ''ई–अनुज्ञा ऑनलाईन प्रणाली'' का कार्य संचालन आरम्भ किया जा सके।

(फैज अहमद किदवई)
आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/ई–अनुज्ञा/2018–19/1003
भोपाल दिनांक 04 दिसम्बर 2018

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।

(02) अपर संचालक (समस्त), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(03) श्री ए0एन0सिद्धीकी, तकनीकी निदेशक भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल :– उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में आवश्यक तैयारी के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर आपके नामांकितों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।।

(04) श्री मुशर्रफ सुल्तान, तकनीकी निदेशक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(05) संयुक्त संचालक (नियमन)/संयुक्त संचालक (ई–अनुज्ञा प्रकोष्ठ)/कंट्रोल रुम प्रभारी/सहायक संचालक (राष्ट्रीय कृषि बाजार योजना), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल :– ई–अनुज्ञा प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अपनी स्वयं की एवं शाखा कर्मियों की उपस्थिति निर्धारित तिथि व समय पर अनिवार्य रुप से सुनिश्चित करें।

(06) संयुक्त संचालक (प्रशासन), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल :– अपर संचालक (एम.आई.एस./नियमन) से चर्चा कर बैठक हेतु निर्धारित तिथि को मीटिंग हॉल, चाय, बिस्किट, भोजन, पानी इत्यादि आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें।

(07) श्री ...., ... ''ई–अनुज्ञा कोर समिति'' मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(08) श्री ...., ... ''ई–अनुज्ञा सर्पोट एवं क्रियान्वयन समिति'' मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(09) समस्त कंसलटेंट, (मेप.आई.टी. एवं इ एंड वाय) वर्तमान में मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल।

आयुक्त सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल